नव चयनित जेल वार्डरों हेतु सूचना

जेल वार्डर के पद हेतु चयनित जिन अभ्यर्थियों का मेडिकल परीक्षण लखनऊ जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी के समक्ष होना है उनके लिये मेडिकल बोर्ड का गठ्न आदर्श कारागार लखनऊ में किया गया है। दिनांक 16.08.21, 17.08.21 एवं 18.08.21 को प्रातः 08:00 बजे से मेडिकल परीक्षण की कार्यवाही की जायेगी। ऐसे सभी चयनित जेल वार्डर अभ्यर्थी जिनका मेडिकल परीक्षण लखनऊ में होना है। निर्धारित तिथि व समय पर आदर्श कारागार लखनऊ पहुॅच कर शारीरिक परीक्षण कराना सुनिश्चित करें।

मुख्य चिकित्साधिकारी पत्र दिनांक 10.08.2021 की प्रति संलग्न।

अति आवश्यक/शीर्ष प्राथमिकता

कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, लखनऊ।

पत्रांक : मु0चि0अ0/पुलिस भर्ती/2021/9194-8 दिनांक : 10/8/2021

कार्यालय ज्ञाप

वरिष्ठ अधीक्षक, आदर्श कारागार, लखनऊ के पत्र संख्या 3002/ई0ओ0/जेलवार्डर भर्ती/2021 दिनांक 07.08.2021 के द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा जेल वार्डर पद हेतु चयनित 150–160 अभ्यर्थियों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु निम्नानुसार जनपदीय चिकित्सा बोर्ड का गठन किया जाता है –

जनपदीय चिकित्सा बोर्ड
स्थान : आदर्श कारागार, लखनऊ.

क्र0स0	विशेषज्ञ चिकित्सक	दिनांक 16.08.2021	दिनांक 17.08.2021	दिनांक 18.08.2021
1	आर्थोपेडिक्स	निदेशक एवं प्रमुख अधीक्षक, बलरामपुर चिकित्सालय द्वारा नामित द्वारा	निदेशक एवं प्रमुख अधीक्षक, डा. एस0पी0एम0 चिकित्सालय द्वारा नामित	निदेशक एवं प्रमुख अधीक्षक, बलरामपुर चिकित्सालय द्वारा नामित
2	ईएनटी सर्जन			
3	जनरल सर्जन			
4	नेत्र रोग विशेषज्ञ			
5	आप्ट्रोमेट्रिस्ट			
6	स्त्री रोग विशेषज्ञ	वी0 अवन्ती बाई महिला चिकित्सालय	वी0 झलकारी बाई महिला चिकित्सालय	वी0 अवन्ती बाई महिला चिकित्सालय

उक्त हेतु प्रभारी/वरिष्ठ परामर्शदाता, कारागार चिकित्सालय, आदर्श कारागार, लखनऊ को नोडल अधिकारी/अध्यक्ष नामित किया जाता है। दिनांक 16, 17.08.2021 को 55–55 अभ्यर्थियों एवं दिनांक 18.08.2021 को शेष बचे हुए अभ्यर्थियों के स्वास्थ्य परीक्षण की कार्यवाही सम्पादित की जायेगी तथा स्वास्थ्य परीक्षण में उपयोग होने वाले समस्त सामग्री एवं उपकरण (इशिआरा कलर विजन बुक, नियर विजन एवं डिसटेन्स विजन हेतु चार्ट (स्नेहलेंस चार्ट), वेट मशीन, मेजरिंग टेप, टयूनिंग फार्क) कारागार चिकित्सालय आदर्श कारागार द्वारा उपलब्ध करायी जायेगी।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी,
लखनऊ।

पत्रांक : मु0चि0अ0/पुलिस भर्ती/2021/9194-8 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक, कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें, उ0प्र0 लखनऊ
2. जिला अधिकारी, लखनऊ।
3. पुलिस आयुक्त, लखनऊ।
4. निदेशक एवं प्रमुख अधीक्षक, बलरामपुर चिकित्सालय/डा0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी चिकित्सालय, लखनऊ को इस आशय के साथ प्रेषित कि उपरोक्तानुसार सम्बन्धित विशेषज्ञ चिकित्सकों को नामित करते हुए उनके मोबाइल नम्बर की सूचना तत्काल सम्बन्धित एवं अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
5. प्रमुख/मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका, वी0 अवन्ती बाई महिला चिकित्सालय/वी0 झलकारी बाई महिला चिकित्सालय, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उपरोक्तानुसार स्त्री रोग विशेषज्ञ को नामित करते हुए उनके मोबाइल नम्बर की सूचना तत्काल सम्बन्धित एवं अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
6. प्रभारी/वरिष्ठ परामर्शदाता, कारागार चिकित्सालय आदर्श कारागार, लखनऊ को उपरोक्तानुसार अनुपालनार्थ।
7. वरिष्ठ अधीक्षक, आदर्श कारागार, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि किसी भिज्ञ अधिकारी जो उप पुलिस अधीक्षक के लेवल से कम न हो तथा जो अभ्यर्थियों के अभिलेखों एवं फोटो को सत्यापित कर सकें, को समस्त अभिलेखों सहित उपस्थित होने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें एवं सम्बन्धित चिकित्सालयों के निदेशक/प्रमुख अधीक्षक से समन्वय स्थापित करते हुए चिकित्सा परिषद की कार्यवाही सम्पन्न करायें।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी,
लखनऊ।